58

# बिहार सरकार
## ग्रामीण कार्य विभाग
## सकारण आदेश

सकारण आदेश संख्या–14/अ0प्र0–14–248/2025 11903 /पटना, दिनांक– 25.11.25

संवेदक M/S Gaurav Construction (Reg. No. 1240197) Add:- At Panchbhirwa Po Madhaul Ps Saraiya Dist Muzaffarpur Pincode: 843101 को कार्य प्रमंडल, मढ़ौरा के अधीन MR (3054) योजनान्तर्गत Package No. MR-1/Marhaura/02/2018 के अन्तर्गत चार पथ यथाः– (i) सिन्दुआरी से ओल्हनपुर पथ (ii) दयालपुर से सरैया पथ (रामपुर से दासपुर) (iii) गौड़ा से सलिमापुर पथ (iv) वैदपुर जलालपुर पथ का निर्माण पूर्ण होने के उपरान्त पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य आवंटित किया गया।

उक्त पथ में निर्धारित अवधि व्यतीत हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा उक्त पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण नहीं किया गया। कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मढ़ौरा के पत्रांक 1005 दिनांक 13.06.2025 एवं पत्रांक 1101 दिनांक 26.06.2025 द्वारा उक्त पथ का पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने हेतु कई बार नोटिस दिया गया परन्तु संवेदक द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य पूर्ण करने में कोई अभिरूचि नहीं ली गई।

कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मढ़ौरा के कार्यालय आदेश संख्याः–46 सह पठित ज्ञापांक 1340 दिनांक 19.07.2025 द्वारा एकरारनामा संख्याः– MR-1/Marhaura/02/2018 को विखंडित करते हुए अमानत/जमानत की राशि जब्त की गयी।

मुख्य अभियंता–01 (पटना), ग्रामीण कार्य विभाग, पटना के पत्रांक 1524 अनु0 दिनांक 13.08.2025, अधीक्षण अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य अंचल, छपरा के पत्रांक 949 अनु0 दिनांक 01.08.2025 एवं कार्यपालक अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग, कार्य प्रमंडल, मढ़ौरा के पत्रांक 1459 अनु0 दिनांक 01.08.2025 द्वारा पंचवर्षीय अनुरक्षण कार्य एकरारनामा के अनुसार एकरारित अवधि तक लंबित/अपूर्ण रखने एवं Program of Works के अनुसार समानुपातिक अनुरक्षण कार्य को अपूर्ण/लंबित रखने के कारण संवेदक को विभागीय कालीसूची में सम्मिलित करने हेतु अनुशंसा उपलब्ध कराया गया।

उक्त अनुशसां के आलोक में विभागीय पत्रांक 9111 अनु0 दिनांक 25.08.2025, पत्रांक 10475 दिनांक 26.09.2025 एवं पत्रांक 11297 दिनांक 04.11.2025 द्वारा स्पष्टीकरण समर्पित किये जाने हेतु निदेशित किया गया। निर्धारित अवधि के समाप्त हो जाने के बाद भी संवेदक द्वारा स्पष्टीकरण उपलब्ध नहीं कराया गया। इससे स्पष्ट होता है, कि संवेदक को अपने पक्ष में कुछ नहीं कहना है।

उपर्युक्त वर्णित तथ्यों के आलोक में विभागीय समीक्षोपरान्त बिहार ठीकेदारी निबंधन नियमावली, 2007 (ग्रामीण कार्य विभाग) की अधिसूचना संख्या–8123 दिनांक 19.12.2007 की कंडिका 11(क) (vi) एवं 11 (ख) (ii) के आलोक में संवेदक M/S Gaurav Construction (Reg. No. 1240197) Add:- At Panchbhirwa Po Madhaul Ps Saraiya Dist Muzaffarpur Pincode: 843101 के निबंधन संख्याः–1240197 को अगले 04 (चार) वर्षो के लिए कालीकृत (Blacklist) किया जाता है।

ह0/- 24.11.25
(जय किशोर ठाकुर)
अभियंता प्रमुख

निबंधित

ज्ञापांक–14/अ0प्र0–14–248/2025 11903 /पटना, दिनांक– 25.11.25

प्रतिलिपि– संवेदक M/S Gaurav Construction (Reg. No. 1240197) Add:- At Panchbhirwa Po Madhaul Ps Saraiya Dist Muzaffarpur Pincode: 843101 को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 24.11.25
अभियंता प्रमुख

कृ0पृ0उ0

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–248 / 2025 11903 / पटना, दिनांक– 25.11.25

प्रतिलिपि–प्रधान सचिव / सचिव / अभियंता प्रमुख, पथ निर्माण विभाग / भवन निर्माण विभाग / जल संसाधान विभाग / लोक स्वास्थ्य अभियंत्रण विभाग / नगर विकास विभाग / उर्जा विभाग / कृषि विभाग, बिहार, पटना / पंचायती राज विभाग, बिहार, पटना / सभी मुख्य अभियंता, ग्रामीण कार्य विभाग / सभी अधीक्षण अभियता / सभी कार्यपालक अभियंता / सभी नोडल पदाधिकारी (मु0), ग्रामीण कार्य विभाग को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 24.11.25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–248 / 2025 11903 / पटना, दिनांक– 25.11.25

प्रतिलिपि– अपर मुख्य सचिव के आप्त सचिव, ग्रामीण कार्य विभाग, बिहार, पटना को सूचनार्थ प्रेषित।

ह0/- 24.11.25
अभियंता प्रमुख

ज्ञापांक–14 / अ0प्र0–14–248 / 2025 11903 / पटना, दिनांक– 25.11.25

प्रतिलिपि– प्रशाखा पदाधिकारी, प्रशाखा–14 एवं प्रशाखा में कार्यरत सभी सहायक / आई0टी0 मैनेजर, ग्रामीण कार्य विभाग, पटना को सूचनार्थ एवं आवश्यक कार्रवाई हेतु प्रेषित।

ह0/- 24.11.25
अभियंता प्रमुख